सं०:26013/14/17वीं वा०/स्था0-02कां(जी०डी०) अश्वनी कुमार हेमराज गोस्वामी/2024-4083 4477,

कार्यालय कामण्डेन्ट 17वीं वाहिनी
भारत तिब्बत सीमा पुलिस
गृह मंत्रालय(भारत सरकार)
पत्रालय-रिकांपिओ, जिला-किन्नौर(हि०प्र०)
E-mail : itcell17th bn@itbp.gov.in

दिनांक :08/08/2024

नोटिस

दल संख्या 210170196 कॉ०(जी०डी०) अश्वनी कुमार हेमराज भारती गोस्वामी सुपुत्र हेमराज भारती दुर्गाभारती गोस्वामी, मकान संख्या-737 गांव-अमगांव खुर्द (पंचायत समिति के सामने) डाकघर-सालेकसा, तहसील-सालेकसा, थाना-सालेकसा, जिला-गोदिया, राज्य-महाराष्ट्र, पिन कोड-441916 को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आपको वाहिनी द्वारा दिनांक 06-01-2024 से 04-02-2024 तक 30 दिन अर्जित अवकाश के क्रम में 17वाहिनी के कार्यालय आदेश संख्या-278 दिनांक 08-02-2024 के तहत् दिनांक 05-02-2024 से 24-02-2024 तक (रविवार 25-02-2024 सहित) 20 दिन अर्जित अवकाश के स्वीकृत/बढोत्तरी की गई थी। आपको अवकाश समाप्ति के उपरान्त अपनी आमद दिनांक 26-02-2024(पूर्वा०) को 17वीं वाहिनी, मुख्यालय में देनी थी, परन्तु आप निर्धारित तिथि को डयूटी पर आमद नहीं हुए । तदोपरान्त आपको इस कार्यालय द्वारा अलग-अलग अवसरों पर डयूटी पर आमद होने हेतु 07 वार लिखित में निर्देशित किया गया, परन्तु फिर भी आप डयूटी पर उपस्थित नहीं हुए। इससे प्रतीत होता है कि पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद भी आप अपनी इच्छा से डयूटी से अनुपस्थित चल रहे है। इस प्रकार बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के डयूटी से अनुपस्थित रहने के कारण आपको सेनानी, 17वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस बल के आदेश संख्या-2191-98 दिनांक 15-05-2024 के तहत् दिनांक 26-02-2024(पूर्वा०) से भगौड़ा (Deserter) घोषित किया जा चुका है।

2. फिर भी आपको पुन: एक और अवसर प्रदान किया जा रहा है कि आप इस नोटिस के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिन के अन्दर 17वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस बल, रिकांगपिओ जिला- किन्नौर, राज्य-हिमाचल प्रदेश में अपनी डयूटी पर रिपोर्ट करें अन्यथा आपको कोई अन्य नाटिस दिये बिना भा०ति०सी०पुलिस बल अधिनियम व नियमावली में गऐ प्रावधानों के अन्तर्गत "सेवा से हटा" (Remove From Service) दिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वंय उत्तरदायी होंगे ।

08.08.2024

सेनानी
17वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस बल

CBC 19112/11/0106/2425